डाक पंजीयन क्र. L/RNP/म.प्र./मन्दसौर/122/2024-26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 234 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 08 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया


## हायर सेकंडरी पूरक परीक्षा आज

### हाईस्कूल की 10 से 20 जून तक

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने हाई स्कूल और हायर सेकंडरी सप्लीमेंट्री परीक्षाओं की तैयारी पूरी कर ली है। 12वीं की परीक्षा केवल एक दिन आज 8 जून को होगी। इस दिन सभी विषयों की पूरक परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं, 10वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं 10 से 20 जून तक आयोजित होंगी। बताया गया है कि इन परीक्षाओं का टफनेस लेवल भी मुख्य परीक्षाओं जैसा ही रहेगा। सप्लीमेंट्री परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को मुख्य परीक्षा में तैयार किए गए पेपर जैसे ही प्रश्नपत्र सप्लीमेंट्री परीक्षा में भी मिलेगा। मंडल के अधिकारियों के मुताबिक इनका टफनेस लेवल मेन परीक्षा जैसा ही रहता है। ऐसा नहीं होता है कि सप्लीमेंट्री के लिए अलग से आसान पेपर तैयार किए जाते हैं। दोनों कक्षाओं की परीक्षा में ऐसे विषय जिनमें प्रायोगिक परीक्षा होती है, सैद्धांतिक अथवा प्रायोगिक भाग जिसमें वे फैल हुए हैं, उस भाग की परीक्षा में ही शामिल होना होगा।


हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Intervational Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333


# जिले में बालू माफिया सक्रिय..!

## रेत के ढेर बता रहे रसूख का पॉवर, राजस्थान से आ रही बजरी, तगड़ी मिलीभगत

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** बालू रेत का स्टॉक लाईसेंस नहीं होने के बाद भी जगह-जगह निर्माण कार्यो के दौरान बालू रेत के ढेर देखे जा रहे हैं। यह रेत विशेषकर गरोठ और नीमच के नयागांव, तथा सिंगोली-रतनगढ़ के रास्ते राजस्थान से मंदसौर पहुंच रही है। इससे शासन को जहां राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं रसूख के पॉवर के साथ नतमस्तक होकर मिलीभगत में शामिल जिम्मेदारों की कमाई तगड़ी हो रही है। खुलेआम बालू रेत के डंपर जिले में प्रवेश कर रहे हैं। इसके बाद भी इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। जबकि, खनन माफियाओं पर लगाम लगाने के निर्देश खुद सीएम दे चुके हैं।

### बड़ा गिरोह कर रहा काम...

जिले में अवैध बालूरेत का काम कर बड़ा गिरोह मोटी कमाई के खेल में सक्रिय है। सीमा पर 50 से 70 टन की ओवरलोड बालूरेत की गाडिया हर दिन बिना रायल्टी के प्रवेश कर रही है और अवैध परिवहन से लेकर भंडारण से लेकर विक्रय तक हो रहा है। रसूखदारों से लेकर राजनीतिक व जनप्रतिनिधियों के संरक्षण के साथ विभागीय मिलीभगत से बालू का गिरोह काम कर रहा है। बावजूद विभाग की चुप्पी इस पर नहीं टुट रही है।

### बिना रायल्टी प्रवेश कर रहे ओवरलोड वाहन...

जिले में गरोठ क्षेत्र राजस्थान सीमा पर स्थित है। और यहीं से राजस्थान की और से अवैध रुप से बिना रायल्टी की 50 से 70 टन की ओवरलोडिंग वाहन जिले की सीमा में प्रवेश कर रहे है। राजनीतिक रसूख के संरक्षण के चलते बेरोकटोक प्रवेश मिल रहा है। गरोठ के रास्ते सुवासरा, शामगढ से लेकर जिले में सभी जगह संरक्षण मिल रहा है। इसी कारण बालूरेत सप्लाई हो रही है और भंडारण से लेकर विक्रय तक हो रहा है। मोटी कमाई के चलते यह बड़ा गिरोह बन गया है और इसमें अनेक लोग शामिल है। कई वाहन बालू लेकर गुजर रहे है। रात के समय अधिक वाहनों की आवाजाही हो रही है।

### कमीशन के खेल में पनप रहा गिरोह...

जिले में गरोठ-भानपुरा क्षेत्र राजस्थान से जुड़ा है। ऐसे में वहां 50 से लेकर 70 टन वजन वाले बड़े ट्राले बालूरेत लेकर जिले में प्रवेश कर रहे है और मंदसौर ही नहीं रतलाम जिले तक यह बालू पहुंचाई जा रही है। हर जगह अवैध भंडारण से लेकर परिवहन का




काम धड़ल्ले से चल रहा है, लेकिन विभाग मुकदर्शक बने हाथ पर हाथ धरे बैठा है। बालू के इस अवैध खेल और परिवहन में कमीशन के बड़े खेल में बड़ा गिरोह जिले में सक्रिय हो गया है। रसूखदारो से लेकर अनेक नाम इसमें शामिल है। वाहनों को छुड़वाने से लेकर निकलवाने के लिए राजनीतिक दलों से लेकर जनप्रतिनिधियों के लोग भी इसमें सक्रिय है। सांठगांठ के कारण बालूरेत माफिया गिरोह मोटी कमाई के इस खेल में सक्रिय है। इसी कारण अवैध परिवहन से लेकर भंडारण का काम जोरों पर है।



**आंधी तूफान से पेड़ गिरे**– मंदसौर – प्रतापगढ़ मार्ग पर शुक्रवार शाम आंधी के साथ बारिश हुई। जिसके कारण माल्याखेड़ी से राजपुरिया चेकपोस्ट के बीच 8 – 10 पेड़ धाराशाई हुए। एक पेड़ की चपेट में राजपुरिया आरटीओ चेकपोस्ट भी आ गया।



## एमपीपीएससी: किसान का बेटा बना नायब तहसीलदार

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के गांगाखेड़ी गांव के रहने वाले राजेश पिता गोपाल पाटीदार ने एमपीपीएससी को क्रैक करते हुए नायब तहसीलदार की सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया है। विशेष बात यह है कि किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले राजेश के परिवार में कोई भी सरकारी या प्राइवेट जॉब में नहीं है। पूरे परिवार में राजेश ही ऐसे व्यक्ति है, जिन्होंने एमपीपीएससी परीक्षा को क्लियर कर नायब तहसीलदार की पोस्ट पाई है। पूरा परिवार खेती किसानी कार्य करता है।

राजेश पाटीदार ने बताया कि उन्होंने इंदौर में रहकर पढ़ाई की है, यह उनका चौथा प्रयास था। उन्होंने सात बार एमपीपीएससी की परीक्षा दी। इसमें इसमें चार बार सफल हुए, लेकिन साक्षात्कार में सफल नहीं हो पाए, वे वर्ष 2016 से प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि यह 2021 का परिणाम है। लेकिन, उन्होंने 2022 और 2023 में भी मेन्स एग्जाम दी है। जिसका रिजल्ट अभी आना बाकी है। उन्हें उम्मीद है कि उसमें उन्हें और बड़ी सफलता मिल सकती है।

## पैदल जा रहे युवक से 900 ग्राम अफीम बरामद

### देने वाला भी पकड़ाया, एक दिन की रिमांड पर दोनो आरोपी, सीतामऊ के रईस की पुलिस को तलाश



गिरफ्तार आरोपियो का बड़े अस्पताल में मेडिकल कर न्यायालय में पेश किया।

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** नई आबादी पुलिस ने एक पैदल राहगिर से 900 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। आरोपी जिससे यह अफीम लाया था, पुलिस ने उसे भी पकड़ लिया है। अब आरोपी जिसे अफीम देने जा रहा था, पुलिस उसे तलाश रही है।

नई आबादी पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना मिलने पर पंचमुखी बालाजी मंदिर के पास मंदसौर जावरा रोड पर दबिश दी गई। जहां से पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध अफीम जब्त की। जप्त अफीम का तौल करने पर वजन 900 ग्राम निकला। आरोपी ने अपना नाम प्रवीणसिंह पिता रमेश सिह निवासी मुंडला फौजी बताया। उसने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वह अफीम महेन्द्रसिंह पिता गोपालसिंह निवासी देवरी थाना शामगढ़ से लाया था और सीतामऊ के रईस को देने जाने वाला था। मामले में पुलिस ने महेन्द्रसिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनो आरोपियो को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें 1 दिन की पुलिस रिमांड पर सौपा गया। मामले में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18, 29 के तहत अपराध दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### कार में आग लगी, सभी सवार सुरक्षित

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के गर्रावद और बूढ़ा के बीच ईको कार में आग लग गई। लेकिन, समय रहते सभी यात्री कार से उतर गए, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार बरखेडा कला की इस कार में करीब सात से आठ सवार थे। जो सांवलियाजी दर्शन करके लौट रहे थे। इसी दौरान गर्रावद और बूढ़ा के बीच यह हादसा हुआ। हालांकि आग लगने से पहले ही वाहन सवार नीचे उतर गए थे।

## पत्नी ने पति का गुप्तांग काटा, प्रकरण दर्ज

**रतलाम, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर के माणक चौक थाना क्षेत्र के त्रिवेणी इलाके में एक दिल दहलाने वाली घटना वारदात में पत्नी ने अपने पति के गुप्तांग पर धारदार हथियार से वार करके घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने पीडित पति की रिपोर्ट पर पत्नी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया हैं।

पीड़ित पति कृष्णा राठौर ने बताया की उसका व उसकी पत्नी निर्मला का रात क़ो 2 बजे कुछ विवाद हुआ था। लेकिन, कृष्णा विवाद न करके सो गया। पुन: 4 बजे उसकी पत्नी निर्मला ने उसके साथ विवाद किया और उस दौरान गुप्तांग पर किसी धारदार वस्तु से हमला कर दिया। लड़ाई झगडे की आवाज सुनकर कृष्णा की माता उठी और उसने अपने पति क़ो बुलाया। जब दरवाजा खोल कर देखा तों खून बह रहा था। उसके बाद पिता अपने बेटे कृष्णा को आनन फानन में अस्पताल ले गए और पुलिस क़ो सुचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कृष्णा की पत्नी निर्मला क़ो अपने साथ थाने ले गई। उधर पति कृष्णा व उसकी माता ने बताया की कुछ दिनों से बहु का व्यवहार ठीक नहीं था। उसके कुछ मुस्लिम लड़को से अवैध रिश्ते थे, वह अक्सर उनसे बात करती थी। कृष्णा ने पहले भी उन लड़को की शिकायत एसपी क़ो की थी। वहीं निर्मला का कहना है की जबसे बालिका हुई तब से कृष्णा का व उसके ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया है। वह अक्सर मेरे साथ मारपीट करतें है। इस मामले में कृष्णा की शिकायत पर पुलिस ने उसकी पत्नी निर्मला पर आईपीसी की धारा 324 में मामला दर्ज कर लिया है। वही निर्मला के बयान दर्ज कर जांच की जा रही हैं।

## दिनभर तेज गरमी और उमस, शाम को बारिश

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में पिछले कई दिनों से तेज गरमी और उसम वाला मौसम बना हुआ है। शुक्रवार को भी गर्मी ने उसी अंदाज में कहर ढाया। गर्म हवाओं के साथ तेज धूप के चलते दोपहर में बाजार सूनसान नजर आए तो वहीं शाम को मौसम में बदलाव हुआ। शाम चार बजे आसमान पर काले बादल छाए। इसके बाद बारिश का दौर चला। इससे गर्मी से कुछ हद तक निजात मिली। जिले में अधिकतम तापमान 41 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री के आसपास बना हुआ है।मौसम विभाग ने अगले तीन दिन 9-10 जून को जिले के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान 30 सी 40 किलोमीटर प्रति घन्टे की रफ्तार से धूलभरी हवाएं चलेंगी। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर चल रहा है। वहीं, कुछ जिलों में गर्मी का असर भी है। ऐसा ही मौसम आगामी दिनों में भी बना रहेगा। उधर, मानसून लगातार अपनी गति से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में इसकेसमय पूर्व ही मध्यप्रदेश पहुंचने की संभावना बनी हुई है।

## डंपर से ऑइल चोरी, दो पर मामला दर्ज

**गरोठ, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** डंपर में रखे डिब्बे में से 15 लीटर ऑइल चोरी करने के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

गरोठ पुलिस के अनुसार मामला कछालिया फंटा गरोठ का है। श्यामसिंह पिता मानसिंह निवासी जस्साखेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी सद्दाम निवासी कोटड़ाखुर्द और मदनलाल मेघवाल पिता बल्ला निवासी माणकी चौकी के पास ने प्लास्टिक के डिब्बे में से 15 लीटर ऑइल चुराया। ये आयल उन्होंने डंपर क्रमांक एमपी-14-एचसी-0324 में रखे डिब्बे में से निकाला था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## फांसी के फंदे पर झूले प्रेमी युगल, दोनों की मौत

**रतलाम, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के पिपलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ौदा में प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या हत्या कर ली। दोनो ने चार दिन पहले ही शादी की और अपने खेत पर बने टीनशेड मकान पर फांसी लगाकर की आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पिपलौदा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस जांच कर रही हैं की मामला आत्महत्या का हैं या किसी ने हत्या की हैं। कहीं यह माब लिंचिंग का मामला तो नहीं हैं।

प्राप्त जानकरी के अनुसार मृतक का नाम कमलेश सुथार है, जो मृतक महिला सपना का मामा है, इनका प्रेम संबंध था। दोनों पहले से शादी शुदा है, मृतक पुरुष व महिला के पहली शादी से बच्चें भी है। लेकिन इन सब की परवाह किए बिना दोनों 10 दिन पहले घर से भाग गए थे। जिसकी थाने में शिकायत भी हुई थी। फिर इन्होने तलाक लिए बगैर ही शादी कर ली थी। बताया गया हैं की 4 दिन पहलें ही यह युगल गांव लौटे थे, इन्होने थाने में उपस्थित होकर बयान भी दर्ज करवा दिए थे। बीते 4 दिन से यह खेत पर टीनशेड डालकर रह रहे थे। शुक्रवार देर शाम इन्होने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मोके पर पुलिस पहुंची है। मामले में विवेचना जारी है। दोनों के शव क़ो रस्सी से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

## बिना मुंडेर के कुए मे गिरी बोलेरो, 2 घायल

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के टकरावद -बूढा मार्ग पर बूढा की तरफ से आती हुई बोलेरो टकरावद से 2 किलोमीटर पहले आमली के यहां अनियंत्रित होकर बिना मुंडेर के कुए मे गिर गई। जिसमे बोलेरो मे सवार दो चचेरे भाई शुभम व सुमित लोहर निवासी आत्रीमाताजी को सिर व कमर मे चोट लगी। दोनों घायलों को 108 की मदद से बड़े अस्पताल ले गए। जहां से उनके परिजन दोनों को उपचार के लिए उदयपूर ले गए। बता दें की इस प्रकार की दुर्घटना होने पर हर बार प्रशासन बिना मुंडेर के कुए पर कारवाई करने की बात करता हैं। लेकिन, इस प्रकार की घटना प्रशासन के दावो को खोखला घोषित करती है। आखिर जहां जहां सड़क किनारे बिना मुंडेर के कुए है, उन इलाके के पटवारियों पर समय रहते कार्यवाही नहीं करने के लिए कठोर कार्यवाही करना चाहिए। क्या इस बार भी केवल बिना मुंडेर के कुए वाले को नोटिस देने तक ही सीमित रहेंगे।



### मामला मंदसौर मंडी में फर्जी पर्ची गैंग का...

## एक आरोपी की हुई पहचान, पुलिस करेगी जल्द खुलासा

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर की कृषि उपज मंडी में मुल्तानी गैंग द्वारा आए दिन की जा रही धमाल और व्यापारियो तक फर्जी पर्ची पहुंचाकर धोखाधड़ी करने के मामले लगातार सामने आ रहे है। बीते दिनो मंडी फर्म उदयलाल हजारीमल पर भी ऐसी कोशिश की गई थी। अब मंडी प्रशासन ने एक संदिग्ध को पहचानने का दावा किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य बिंदुओं की सहायता से फर्जी पर्ची गैंग के एक संदिग्ध की मंडी प्रशासन ने पहचान कर ली है। साथ ही पुलिस को भी शिकायत कर गिरफ्तार कर कार्रवाई करने के लिए कहा है। संबंधित व्यक्ति मंडी के एक व्यापारी के यहां काम करता है। मंडी सचिव के मुताबिक जल्द ही इस गैंग का खुलासा किया जाएगा। मंदसौर कृषि उपज मंडी में 12 दिन में दूसरा फर्जी पर्ची कांड सामने आया था। फर्म बडजात्या




ब्रदर्स के यहां कुछ बदमाश फर्जी पर्ची लेकर राशि लेने पहुंचे थे लेकिन शंका होने पर भाग गए थे। मंडी प्रशासन के अनुसार सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक व्यक्ति की पहचान हो गई है। इसका नाम मुल्तानपुरा निवासी अकबर पिता बाबू सुन्नी है। वह मंडी के किसी व्यापारी के यहां कर्मचारी था। अधिकारियों के मुताबिक पूछताछ में स्थिति स्पष्टहो जाएगी कि कितने लोग इस गैंग में शामिल थे। मंडी सचिव पर्वतसिंह सिसौदिया ने बताया कि फर्जी पर्ची मामले सामने आने के बाद सख्ती बढा दी गई है। परिसर में भी बारीकी से जांच कर रहे हैं, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लग सकें। हमारा प्रयास है कि किसान व व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी ना हो, व्यवस्थाओं में भी हरसंभव बदलाव किया जाएगा और सुरक्षा व्यवस्था और बढाई जाएगी।

## आम चुनाव में सफाए के बाद कांग्रेस में सिर फुटव्वल

### जीतू-कमल नाथ और दिग्विजय की घेराबंदी

**भोपाल, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में छह महीने के भीतर कांग्रेस की दो बड़ी हार के बाद पार्टी में अफरातफरी और सिर फुटव्वल की स्थिति है। विधानसभा चुनाव में करारी हार का दर्द कम भी नहीं हुआ था और लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रदेश में सफाया ही हो गया। यह स्थिति तब है जब भाजपा शासित दूसरे राज्यों में कांग्रेस और आइएनडीआइ गठबंधन को उम्मीद से अच्छे परिणाम मिले। ऐसे में शांत बैठे पार्टी के बड़े नेता अब खुलकर प्रदेश नेतृत्व के विरोध में उतर आए हैं।

सबसे अधिक घेराबंदी पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ व दिग्विजय सिंह के साथ प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की हो रही है। कमल नाथ और दिग्विजय



सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस विधानसभा चुनाव हारी और जब पार्टी में जान फूंकने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व ने जीतू पटवारी को प्रदेश कांग्रेस की कमान सौंपी तो उनके कार्यकाल में तीन विधायक सहित कई बड़े नेता उन पर आरोप मढ़कर भाजपा में चले गए। अब कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का बड़ा वर्ग जीतू पटवारी, कमल नाथ और दिग्विजय सिंह को हार का जिम्मेदार बताते हुए आरोपों की बौछार कर रहा है तो दूसरा वर्ग राष्ट्रीय नेतृत्व से संगठन की समीक्षा की मांग कर रहा है।

### हार का ठिकरा जीतू पर...

चुरहट से विधायक और विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 'राहुल' ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि जीतू पटवारी के कार्यकाल की समीक्षा होनी चाहिए कि उनके कार्यकाल में बड़ी संख्या में नेताओं ने पार्टी क्यों छोड़ी। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके दामोदर यादव ने भी जीतू पटवारी के सिर पर हार का ठीकरा फोड़ा है।

### कमल नाथ ने भी ईशारों में कहा-हार का पोस्टमार्टम जरुरी

उधर, लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा में अपने बेटे नकुल नाथ की हार से आहत कमल नाथ ने मीडिया से कहा कि प्रश्न सिर्फ छिंदवाड़ा की हार का नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में हार का है। इसका कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम होना चाहिए। उनका इशारा भी यही है कि प्रदेश में इतनी बड़ी हार की वजह सिर्फ प्रत्याशियों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि कुछ और है। वह खुलकर भले ही नहीं बोले पर विधानसभा चुनाव में हार के बाद से अलग-थलग हैं।

### प्रचार के लिए क्यों नहीं निकले नाथ और दिग्गी...

अजय सिंह 'राहुल' ने प्रश्न उठाया है कि कमल नाथ और दिग्विजय सिंह प्रचार के लिए अपने क्षेत्रों से बाहर क्यों नहीं निकले। पार्टी हाईकमान इस बात की भी समीक्षा करे कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के समर्थन में कौन-कौन दिग्गज कहां-कहां पहुंचा। उन्होंने कमल नाथ और नकुल नाथ का नाम लिए बिना इशारे में कहा, कुछ लोग भाजपा में जा रहे हैं, नहीं जा रहे हैं, ऐसी अटकलें चलती रहीं। उसका भी असर पड़ा।

### लाड़ली बहना का असर...

अजय सिंह 'राहुल' ने ऐसा नहीं कहा है। मेरी इस संबंध में उनसे फोन पर भी बात हुई है। यदि कहा भी है तो वे बड़े भाई हैं। समीक्षा कर हार का कारण जानेंगे और सुधार करेंगे। मेरे काम करने के तरीके पर किसी नेता ने आपत्ति नहीं ली। दुर्व्यवहार की शिकायत नहीं की। जो छोड़कर गए हैं, उन्होंने भी बुराई नहीं की। मुझे 72 दिन का समय मिला। यह जीत लाड़ली बहना का असर है। विधानसभा चुनाव में भी असर रहा और अभी भी है।

**जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, मध्य प्रदेश**

# जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से पुरानी जल संरचनाओं का होगा जीर्णोद्धार-कलेक्टर

## अभियान के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में एक विशेष बैठक सभी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कलेक्टर सभागृह में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री यादव ने अभियान के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि यह अभियान 5 जून से 16 जून तक प्रति वर्ष चलेगा। अभियान के माध्यम से जितनी भी पुरानी जल संरचना है। उनका जिर्णोद्धार किया जाए। नदी, तालाब, चेक डैम, नालों की साफ सफाई का कार्य किया जाए। अभियान के साथ सभी जनप्रतिनिधियों के साथ आम जनता को भी शामिल करें। जितने भी शासकीय भवन है उनमें रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम होना चाहिए। रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम से कोई भी भवन वंचित नहीं रहना चाहिए। सभी नगरीय निकाय जल



गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जो कार्य किया जाना है, उसके लिए योजना बनाएं तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करें। वृक्षारोपण के लिए भूमि चिन्हित करें तथा वहां पर गड्ढे की खुदाई करें। ताकि वर्षा काल में अच्छे से पेड़ पौधे लगाए जा सके। अभियान में जन अभियान परिषद की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। ऐसे स्थान जहां पर जीर्णोधार के दौरान पैसे की आवश्यकता होगी वहां पर सीएसआर फंड के माध्यम से कार्य किया जाएगा। गौशाला में भी वृक्षारोपण हो। नवीन तालाब के आसपास वृक्षारोपण किया जाए। ग्राम पंचायत में स्थानीय समिति को सक्रिय किया जाए तथा तालाबों के गहरीकरण में उस समिति की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रहे। ग्राम लिलदा में जन भागीदारी से निर्मित डेम, ग्राम डोड्यिा एवं कोलवा के बीच निर्मित स्टाफ डेम, ग्राम सेमली में निर्मित हासली तालाब के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार का कार्य करें। जिले के सभी स्टाफ डेम के गेट पूरे वर्ष खुले ना रहे इसके लिए विशेष तौर पर ध्यान दिया जाए। जिससे जल संरक्षण का कार्य अच्छे से हो सके। बैठक के दौरान मंदसौर विधायक विपिन जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती चावला, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, वन मंडल अधिकारी श्री संजय, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सभी सीएमओ अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## विभोर जैन बने मंदसौर के प्रथम सीपीए

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** विभोर जैन ने ऑस्ट्रेलिया की सीपीए



परीक्षा उत्तीर्ण कर मंदसौर के प्रथम सीपीए बनने का गौरव हासिल किया।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय रिपोर्टिंग, वित्तीय जोखिम प्रबंधन, कराधान, ग्लोबल लीडरशिप आदि सब्जेक्ट की परीक्षा सीपीए ऑस्ट्रेलिया के कोर्स में होती है। विभोर ने न्यूजीलैंड में रहते हुए यह परीक्षा उत्तीर्ण की। विभोर वरिष्ठकर सलाहकार सी.एम. जैन के पौत्र, योग गुरु सुरेन्द्र जैन के नातीन व सीए दिनेश जैन के सुपुत्र है। सीए दिनेश जैन ने बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया और सीपीए ऑस्ट्रेलिया के मध्य एमओयू है। सीपीए ऑस्ट्रेलिया की मान्यता 70 से अधिक देशों में है।



## जल गंगा संवर्धन अभियान तहत तालाब, झील, कुंए, बावड़ी का किया जा रहा है गहरीकरण

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश सहित जिले जिले में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' 16 जून तक चलाया जा रहा है। 'जल गंगा संवर्धन' के तहत ग्राम पंचायत अरनिया जटिया में तालाब का गहरीकरण कार्य किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान में नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं, तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए सम्पूर्ण जिले में अभियान शुरू किया गया है। जिले में जल संवर्धन और संरक्षण के लिये आमजन को प्रेरित किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन' अभियान में जिले के नागरिकगणों से भी आगे बढ़कर सहभागिता करने का आग्रह किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में तालाब, बावड़ी गहरीकरण, नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए सम्पूर्ण जिले में अभियान चलाकर कार्य किया जा रहा है।

# विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में आम नागरिकों का सहयोग जरूरी-उप मुख्यमंत्री

## आर्थिक समृद्धि का बजट बनाने में 15 जून तक नागरिकों के सुझाव आमंत्रित

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने



विकसित भारत निर्माण में मध्यप्रदेश के अधिकाधिक योगदान के लिये वर्ष 2024-25 के बजट निर्माण में नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के सहयोग से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को विस्तार देने में मदद मिलेगी।

**यहाँ पर दे सुझाव-** MPMYGov द्वारा नागरिकों को सुझाव, मार्गदर्शन आमंत्रित किए है। सुझाव दिनांक 15 जून 2024 तक दिये जा सकते हैं। नागरिकों द्वारा पोर्टल MPMYGov पर, दूरभाष क्रमांक 0755-2700800, Email - budget.mp@mp.gov.in एवं वित्तीय प्रबंध सूचना प्रणाली 218-एच, द्वितीय तल, वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल पिन कोड - 462004 पर सुझाव दिये जा सकते हैं। सुझावों के साथ अपना नाम, शहर, जिला पिनकोड भी अंकित करने का आग्रह किया गया है। मुख्य रूप से शिक्षा, रोजगार, कृषि, उद्योग, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, सड़क, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक कल्याण, राजस्व संग्रहण, प्रशासनिक सुधार विषयों पर सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बजट के माध्यम से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के साथ-साथ, रोजगार के नये अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास व आम नागरिकों के जीवन खुशहाल बनाने, विकास की गति सतत् बनाये रखने, आधारभूत सुविधाओं का विकास व सभी वर्गों के कल्याण करने के लिये बजट निर्माण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसमें सभी नागरिकों की भागीदारी और उनकी महत्वाकांक्षाओं की अभिव्यक्ति होना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपनों को पूरा करने में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति को ध्यान में रखते हुये प्रदेश के वर्ष 2024-25 का बजट तैयार किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में समाज के सभी वर्गो से प्राप्ति सुझावों, मार्गदर्शन, प्राथमिकताओं आदि से प्रदेश का बजट, प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में बढ़ाया गया एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। श्री देवड़ा ने नागरिकों से प्रदेश की राजस्व आय में वृद्धि के सुझाव के साथ बजट को और अधिक लोक-कल्याणकारी बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस एवं जलसंरक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर में विश्व पर्यावरण दिवस एवं जलसंरक्षण पखवाडा के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ प्राध्यापक डा.पी.एल.पाटीदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है जिससे ग्लेशियर के पिघलने के कारण जलस्तर बढ़ जायेगा अधिकांश भू-भाग जलमग्न हो जायेगे।ग्लोबल वार्मिंग को नियत्रंण करने के लिए हमे अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनका संरक्षण करना होगा। कार्यशाला में डा.कमल बुनकर प्राध्यापक कम्प्यूटर अध्ययनशाला विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन का आतिथ्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर छात्राओं एवं उपस्थित स्टाफ को संबांधित करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष गर्मी बढ़ रही है। इसका प्रमुख कारण है कि पेड़ कटते जा रहे हैं और उतनी संख्या मे पेड़ नहीं लगाये जा रहे है। इससे पृथ्वी का तापक्रम बढ़ रहा है। इससे कुछ भू-भाग पर पर्याप्त वर्षा नहीं हो रही है तथा कुछ भू-भाग पर अतिवर्षा हो रही है। यह बिगडते पर्यावरण के संकेत है। भू-जल का स्तर निरंतर गिर रहा है। इससे पीने के पानी



का संकट उत्पन्न हो रहा है। इस सभी चुनौतियों का समाधान अत्यधिक पेड़ लगाने व उनको संरक्षित करने से ही होगा। आपने पौधारोपण के महत्व को बताते हुए तृतीय वर्ष की छात्राओं को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया और कहा कि आज जब महाविद्यालय छोडे. तब एक पौधा परिसर में लगायें। प्राचार्य डा.उमा गगरानी द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया और महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्राओं को वृक्ष लगाकर उसकी सुरक्षा कर पर्यावरण बचाना, प्लास्टिक मुक्त परिसर एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई एवं महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डा.राजश्री ठाकुर सह-प्राध्यापक समाजशास्त्र ने किया।

## जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में लिया भाग



**मनासा, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** शासन द्वार चलाया गया नमामि गंगे, जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल संरचनाओं का जिर्णोद्धार के अंतर्गत 5 जून से 16 जून 2024 तक विभिन्न गतिविधियों के तहत नगर परिषद मनासा में नगर अध्यक्ष महोदय श्रीमती सीमा अजय जी तिवारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितेश कुमार पाटीदार के निर्देश अनुसार आज दिनांक 7 जून 2024 को निकाय द्वारा जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण हेतु चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की निकाय कार्यालय में जिसमें स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा भाग लेकर जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जन जागरूकता का संदेश दिया गया। इस उपलक्ष में निकाय कर्मचारी अभियान नोडल श्री मनोज जी राठौर, श्रीमती अनिता माली, रेखा मुंदड़ा, सतीश भैरवा, रितिक सेठिया आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुए में गिरने से महिला घायल

**पिपलियामंडी, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** कुए में गिरने से महिला घायल हो गई, जिससे अस्पताल भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम छह बजे करीब पिपलियापंथ में कुए में गिरने से हीराबाई (45) मुकेश गुर्जर घायल हो गई। टीआई नीरज सारवान ने बताया सूचनना पर डॉयल 100 मौके पहुंची, ग्रामीणों की मदद से महिला को बाहर निकलवाकर अस्पताल पहुंचाया, महिला स्थिति ठीक बताई जा रही है।

## कुए में गिरे व्यक्ति को पहुंचाया अस्पताल

**पिपलियामंडी, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** कुए में गिरे युवक को लोगों ने बाहर निकाला, जानकारी के अनुसार शुक्रवार प्रात: फोरलेन पर शराब ठेके व रोड़ के राजा के निकट सर्विस रोड पर स्थित प्रहलाद के कुए में एक व्यक्ति गिर गया। जिसे पुलिस ने लोगों की मदद से बाहर निकाला व इलाज के लिए मंदसौर जिला अस्पताल भेजा। मौके पहुंचे प्रधान आरक्षक राजवीरसिंह ने बताया व्यक्ति की पहचान नही हो पाई, उसके हाथ पर ओम गुदा हुआ है, वह कुछ बोलने की स्थिति में नही था।

## भाजपा नेता श्री व्यास का निधन, श्रद्धांजलि दी

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** जाने माने वरिष्ठ भाजपा नेता बसंतीलाल



व्यास सुंठी का निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। सूंठी निवासी स्व. श्री व्यास का पूरा जीवन समाज सेवा के साथ-साथ निर्धन गरीबों की सेवा में व्यतीत हुआ।

बसंतीलाल व्यास सही को सही कहने की हिम्मत रखने वाले नेताओं में से एक नेता थे जिनकी अलग ही पहचान थी। वे पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुन्दरलाल पटवा के अनुयायियों में से एक थे वहीं पूर्व गृहमंत्री कैलाश चावला के घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन भाजपा की सेवा में अर्पित किया। आपके निधन पर औदिच्य ब्राह्मण समाज अध्यक्ष दिनेश जोशी, वयोवृद्ध समाज सेवी बंशीलाल जोशी आकोदड़ा, विधायक सुवासरा हरदिपसिह डंग, जगदीश सेठिया, राजकुमार सेठिया, सहीत कई संस्थाओ ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत पक्षियों को बचाने की मुहिम जारी...

# शासकीय महाविद्यालय के ग्राउंड में वृक्षों पर बांधे सकोरे

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ द्वारा स्काउट गाइड के नियम जिसके अंतर्गत प्रत्येक स्काउट गाइड का नियम है कि स्काउट/गाइड पशु पक्षियों का मित्र एवं प्रकृति पर्यावरण का संरक्षण करता है इन स्काउट गाइड के नियमों के अनुसार मंदसौर जिला संघ पूरी मुस्तैदी से पर्यावरण संरक्षण का कार्य कर रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के ग्राउंड में वृक्षों पर सकोरे बांधने वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं



जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश चंदवानी, भाजपा जिला मुख्य आयुक्त स्काउट अंशुल बैरागी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला मंदसौर स्काउट गाइड प्रभारी दीपिका (शिल्पा)बैरागी, जिला स्काउट कमिश्नर एमपी जिला शिक्षा अधिकारी लोकेंद्र डाबी, जिला गाइड कमिश्नर सुश्री सलमा शाह, सहायक कमिश्नर स्काउट राहुल माली, लोकेंद्र फिजिकल अकादमी के संचालक लोकेंद्रसिंह राजपूत, मंदसौर फिजिकल अकादमी के संचालक जयंत माली, विनर फिजिकल एकेडमी संचालक आर. एन. गुर्जर एडवोकेट, सहसचिव सुरेश भावसार सहित मंदसौर में संचालित आर्मी अकेडमी सेंटर के कोऑर्डिनेटर डायरेक्टर और प्रतिभागियों ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर पशुओं की पक्षियों को बचाने की मुहिम में अपनी सहभागिता की। इस कार्यक्रम में अकादमी के संचालकों ने एवं प्रतिभागियों ने कालेज जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश चंदवानी ,जिला आयुक्त अंशुल बैरागी ने कहा कि मंदसौर जिले का सबसे बड़े खेल मैदान जिसमें पानी की परेशानी आ रही है ,ट्रैक में भी पत्थर और गड्ढे हैं और उनके उपकरणों की भी कमी को शत प्रतिशत पूरा किया जाएगा। आभार प्रदर्शन जिला गाइड कमिश्नर सलमा शाह ने किया। उक्त जानकारी स्काउट गाइड जिला प्रवक्ता मोहम्मद उमर शेख ने दी।

## लकड़ी के 360 कट्टे जप्त

**पिपलियामंडी, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** वन विभाग ने गांव रणायरा में घास के बीडे में प्रतिबंधित खैरिये की लकडी जप्त की। जानकारी के अनुसार शिकायत पर वनविभाग टीम ने गांव में मोके पर पहुंची, जहां गौशाला के पीछे खैरिये की लकडी के 360 कटे हुए गट्टे जप्त किये। वन विभाग के अनुसार लकडी काटने वालो से 1 लाख 15 हजार 757 का अर्थदंड वसूल किया जावेगा। जमीन राजस्व विभाग की होने से राजस्व विभाग ने भी मोके का पंचनामा बनाया है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 50 | 2291 | 2400 |
| उडद | 6 | 4751 | 8800 |
| सोयाबीन | 2600 | 3971 | 4791 |
| गैहु | 4800 | 2280 | 3111 |
| चना | 325 | 6000 | 6680 |
| मसुर | 146 | 5800 | 6291 |
| धनिया | 300 | 4800 | 7192 |
| लहसुन | 14000 | 6000 | 19500 |
| मैथी | 750 | 4000 | 5957 |
| अलसी | 1031 | 5501 | 6220 |
| सरसो | 578 | 5180 | 5570 |
| तारामीरा | 000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 86 | 10561 | 13800 |
| प्याज | 1500 | 600 | 2060 |
| कलोंजी | 10 | 10300 | 18600 |
| डॉलर | 40 | 4500 | 9100 |
| तिल्ली | 100 | 10500 | 12580 |
| मटरसुखी | 8 | 2720 | 4980 |
| असालीया | 100 | 8761 | 10099 |

## नयापुरा रोड स्थित बालाजी बावड़ी पर स्वयंसेवी संस्थाओं ने किया श्रमदान

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन व जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नयापुरा रोड बावडी वाले बालाजी की आस्था की प्रतीक बावडी पर स्वयंसेवी संस्थाओं ने श्रमदान किया। यहां लगातार तीन दिनों से बावडी की सफाई का कार्य किया जा रहा है जिसमें मंदसौर की कई स्वयंसेवी संस्थाएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। श्रमदान रोजाना सुबह 7 बजे से 9 बजे तक किया जा रहा है साथ ही बावडी से कचरा एवं गाद निकालने का कार्य किया जा रहा है। बावडी का निरीक्षण मंदसौर एसडीएम शिवनारायण शाक्य एवं नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार ने किया। निरीक्षण के द्वारा सीएमओ ने कहा कि हम हर संभव प्रयास करेंगे की बावडी स्वच्छ और साफ हो। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमन फरक्या, महेश दुबे, राजाराम तंवर, अजीज उल्ला खान, ललित भाटी, पैरा लीगल वालंटियर मोहिनी सिंह राणा ,संतोष सालवी, जन अभियान परिषद मंदसौर विकासखंड मंदसौर से चयनित नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश सोलंकी, रतनलाल चौहान, मंजू भावसार, लाला भाई अजमेरी एवं मंदसौर शहर के कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुजाखेड़ी में तालाब गहरीकरण किया

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान में जल-स्रोतों के संरक्षण और साफ-सफाईअभियान चला कर जनभागीदारी से ग्राम पंचायत मुजाखेडी में तालाब गहरीकरण किया गया। इस अभियान के तहत 16 जून तक जिले में जल के स्रोतों , जैसे नदी, कुएं, तालाब, बावड़ियों आदि को स्वच्छ रखने और आवश्यकता होने पर उनके गहरीकरण के लिए गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यह कार्य जनसहभागिता से होगा। इससे जल स्रोतों के प्रति सामाजिक चेतना जागृत करने और जनसामान्य का जल स्रोतों से जीवंत संबंध विकसित करने में मदद मिलेगी। पेयजल की आपूर्ति में नदियां, बावड़ियां, कुएँ व तालाब महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, 'जल ही जीवन है' केवल स्लोगन नहीं है, यह जल स्रोतों की हमारे जीवन में भूमिका से स्पष्ट होता है। हमारी यह पीढ़ी इन जल संरचनाओं की महत्ता से परिचित हो, हमारा संबंध जल संरचनाओं से अधिक प्रगाढ़ हो, यही इस अभियान का उद्देश्य है।

## व्यंग्य- भाव बढ़ने लगे

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** लव मुझसे बोला, पूरा देश , अरे पूरा देश ही नहीं पूरा जगत यह देखने में लगा था कि कहां कौन जीता और कौन सरकार बना रहा है और किसकी सरकार बनी और तुम हो कि बस भाव देखने में ही लगे रहते हो कि बाजार में किसके दाम बढे और किसके गिरे। '

मैं मौन रहा तो वह चुपचाप खिसक लिया। उसे कैसे समझाता कि मित्र भाव ' भाव ' होता है। भाव का संबंध बाजार और हृदय से होता है। बाजार वस्तुओं के



क्रय विक्रय का हो या राजनीति का या किसी भी धर्म - हृदय का सबमें भाव ही सबसे महत्वपूर्ण है। चारों का क्षेत्रों का अन्योन्याश्रित संबंध है। किसी में लालच की कल्पना की जाती है तो किसी में अहंकार की तो किसी में प्रेम रस की। सब भाव के लिए ही करते हैं। कोई भाव करता हैं तो कोई भाव खाता है तो कोई पहले से ही भाव बता देता है और कोई कोई तो बहुत ही ज्यादा भाव खाता है। ' भाव ही उठाता है भाव ही गिराता है भाव ही अच्छों अच्छों को धाराशायी कर देता है। भाव बिन सब सून भाव के बिना किसी का कोई वजूद नहीं ,जैसी चमक जैसा दमखम वैसा भाव , बिना गुणवत्ता के भाव का कोई मोल नहीं। वस्तु हो या नेता , प्रेमी हृदय हो या प्रेम में चोंट खाया , धर्म संचालक हो या धार्मिक, भाव बिना सब सून ।इसीलिए सभी अपना भाव बनाये रखते हैं। ' भाव ' की उपज चुनाव / चयन से ही होती है। चुनाव/ चयन की प्रतिस्पर्धा से ही भाव की योग्यता विकसित होती है। किसी धार्मिक को भाव चढ़ता है तो वह भविष्यवाणी करने लगता है , भूत और भविष्य बताने लगता है , किसी नेता में भाव की योग्यता आती है तो वह सशर्त भाव बताने लगता है और किसी के हृदय में भाव पैदा होता है तो वह रस की धारा बहाने लग जाता है आगे-पीछे घूमने लगता है।सबके मूल में भाव ही है तो भाव की निगरानी करना भी जरूरी है। अरे भाई ! देश - प्रदेश चलाना अलग बात है , घर - परिवार व समाज चलाना अलग बात है। देश चलाने वालों में भाव बढे तो सब भावयुक्त होकर भाव खाकर भी मदद के लिए सब आगे आ जाते हैं। किन्तु घर - परिवार - समाज को चलाने की बात में भाव खाते बाजार की बात आती है तो कोई साथ देने के लिए तैयार नहीं होता है अकेले ही देश के चलाने वाले नेताओं व उनके बाजार से जूझना पडता है। बाजार में खडे रहने की हिम्मत हो तो सब ओर खडे रहने की हिम्मत पैदा हो जाती है हिम्मत के संग्रह के लिए, नेताओं व बाजार के भाव देखते रहना जरूरी है।

**भगवती प्रसाद गेहलोत**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद् मन्दसौर (म.प्र)

## नामातंरण विज्ञप्ति

क्रमांक 1223/नामांतरण /2024

मन्दसौर दिनांक 07.06.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय को निम्नलिखित भवनों/ भूमियों पर नामातंरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिस किसी को इन आवेदनो पर आपत्ति हो तो उक्त विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार नामातंरण की कार्यवाही की जावेगी। सूचित हो।

| क्र. | प्रकरण क्र. | मोहल्ला | वार्ड नं. | प्लाट/ मकान नं. | नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज नाम | अंतरण कराने वाले का नाम | किसके हक में अंतरण होगा | माध्यम/ आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 506×7/2024 | गांधी नगर | 39 | म.नं.ईडब्ल्यूएस 9 | म.प्र. गृह निर्माण मण्डल | लक्ष्मीचंद पिता अमृतराम विजय | मनोज पिता शंकरलाल बामनिया | विक्रय पत्र |
| 2 | 507×7/2024 | विजय विहार | 39 | प्लांट नं. बी-6 का भाग | सारिका पिता विक्रमकुमार जैन | सारिका पिता विक्रमकुमार जैन | मुस्कान पिता दीपककुमार भाटी | विक्रय पत्र |
| 3 | 508×7/2024 | नारायण नगर | 33 | म.नं. 40 | मो. अयुब पिता मो. हुसैन | मो. अयुब पिता मो. हुसैन | नूरबानो पति मो. अयुब | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 4 | 509×7/2024 | चंद्रपुरा | 26 | भू.क्रं. 247 | राजेश पिता गणेशराम चौहान | राजेश पिता गणेशराम चौहान | श्री क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज द्वारा अध्यक्ष महेश पिता पूनमचंद भाटी | विक्रय पत्र |
| 5 | 510×7/2024 | कालीदास मार्ग-1 | 18 | म.नं. 221 | बाबूलाल पिता नंदलालजी देवड़ा | बाबूलाल पिता नंदलालजी देवड़ा | हीरादेवी पति स्व. बाबूलालजी देवड़ा | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 6 | 511×7/2024 | देतवार कालोनी | 37 | सर्वे नं. 1189 में से 1079 वर्गफीट | | स्नेहलता पति नारायण गुर्जर | रुकमण पति राधेश्याम कुमावत | विक्रय पत्र |
| 7 | 512×7/2024 | नंदा नगर-2 | 5 | प्लांट नं.- 83 | फर्म नंदा प्रापर्टीज द्वारा भागीदार प्रितेश पिता कैलाश चावला व आदि | फर्म नंदा प्रापर्टीज द्वारा भागीदार प्रितेश पिता कैलाश चावला व आदि | पंकज पिता प्रभूलाल सूर्यवंशी | विक्रय पत्र |
| 8 | 513×7/2024 | गौतम पद्मावति कालोनी | 26 | प्लांट नं.- 127 | सुनीलसिंह पिता भगवतीसिंह राजपुत व आदि | सुनीलसिंह पिता भगवतीसिंह राजपुत व आदि | हनुमानसिंह पिता रघुराजसिंह चुण्डावत | विक्रय पत्र |
| 9 | 514×7/2024 | गुरुहर टाउनशीप-1 | 4 | प्लांट नं.- बी-22 | गुरुचरण पिता हरकिशनलाल बग्गा व आदि | गुरुचरण पिता हरकिशनलाल बग्गा व आदि | हिमांशी पिता विजयकुमार माहेश्वरी | विक्रय पत्र |
| 10 | 515×7/2024 | लक्ष्मी नगर | 4 | प्लांट नं. 07 | शोभा पति राजेश दुबे | शोभा पति राजेश दुबे | पंकज पिता बलदेव जजवानी | विक्रय पत्र |
| 11 | 516×7/2024 | जाली की मस्जिद नालबंद चौक | 25 | म.नं. -30 | सुमित्राबाई पति नंदलाल सोनी | सुमित्राबाई पति नंदलाल सोनी | नंदलाल पिता गेंदालाल सोनी | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 12 | 517×7/2024 | महू नीमच रोड | 26 | सर्वे नं. 3354/2 में से 500 वर्ग मीटर | नाम दर्ज नहीं | गुलामअलीजी पिता अली मोहम्मद | निर्मलादेवी पति हीरालाल मेहता | विक्रम पत्र, खसरा नकल, भू अधिकार पुस्तिका, डायवर्शन आदेश, नगर तथा ग्राम निवेश कार्या. से अनुमोदित नक्शा |
| 13 | 518×7/2024 | तिरुपति एस्टेट | 5 | प्लांट नं.-ई-11 | गौतमकुमार पिता व्यंकटेशप्रसाद गनेड़ीवाल | गौतमकुमार पिता व्यंकटेशप्रसाद गनेड़ीवाल | निलिशा पति अभिषेक डांगी | विक्रय पत्र |
| 14 | 519×7/2024 | स्कीम नं. 1, रोड नं.4 | 9 | म.नं. -90 | हरवंशसिंह पिता मस्तरामसिंह टूटेजा | हरवंशसिंह पिता मस्तरामसिंह टूटेजा | महेन्द्र कौर पति हरबंशसिंह टूटेजा | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 15 | 520×7/2024 | स्कीम नं. 1, रोड नं.8 | 9 | म.नं.-39/1 | कन्हैयालाल पिता सेवाराम बाबानी | कन्हैयालाल पिता सेवाराम बाबानी | दिनेश पिता स्व. कन्हैयालाल बाबानी | वसीयतनामा, शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र |

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिका मन्दसौर (म.प्र.)**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मन्दसौर (म.प्र.)**

## कलेक्टर ने चार पटवारियों को निलंबित किया

**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने चार पटवारी को 'स्वामीत्व योजना' के क्रियान्वयन में रूचि नहीं लिये जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जिसमें पटवारी ग्राम राजाखेड़ी/अजीजखेडी श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, पटवारी ग्राम गुराडिया देदा श्री शंकर दिपांकर, पटवारी ग्राम साबाखेडा श्री दीपक व्यास एवं पटवारी ग्राम मुल्तानपुरा श्री परीक्षित चौहान को निलंबित किया है। योजना की प्रगती भी संतोषप्रद नहीं है। इनके द्वारा ग्राउंड टूथिंग का कार्य नहीं किया गया तथा प्रभारी अधिकारी द्वारा जारी सूचना पत्रों का उत्तर भी प्रस्तुत नहीं कर वरिष्ठके निर्देशों की अवहेलना की गई। उक्त कृत्य के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख) मन्दसौर रहेगा तथा उपस्थित दिनांक से नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## ट्रेलर की चपेट में आने से दंपत्ति घायल

**नीमच, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के अंतिम छोर जाट रोड घाटी पर एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी ने कूदकर जान बचाई। लेकिन, बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पर मौके पर पहुंची और घायलों को नीमच के बड़े अस्पताल पहुंचाया।

मिली जानकारी के अनुसार जाट रोड घाटी पर पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार जाट निवासी पति-पत्नी ने कूदकर जान बचाई, लेकिन दोनों घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर उपस्थित लोगों की सूचना पर जाट पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल दंपत्ति को तत्काल बड़े अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने ट्रेलर के चालक को मौके पर ही गिरफ्तार कर मामले को जांच में लिया।





युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली थी लाश, आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज नही होने के के विरोध में...

## परिजनों व समाजजनों ने थाने के सामने लगाया जाम

**पिपलियामंडी, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** 11 मई को गांव जान्याखेड़ी के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश के मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज नही करने पर समाजजनों व परिजनों ने शुक्रवार को नारायणगढ थाने के सामने जाम लगा दिया। बडी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थी, आक्रोशित परिजनों व समाजजनों ने पुलिस थाने के सामने मनासा मार्ग पर जाम लगाकर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। नारायणगढ टीआई द्वारा 3 दिन में आरोपियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन के बाद प्रदर्शन कर रहे लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

**यह था मामला:-** जानकारी के अनुसार 8 मई 2024 को गांव जान्याखेड़ी निवासी रामचन्द्र (22) पिता केलाश बागरी घर से लापता था, युवक का शव 11 मई 2024 को सोमिया डेम के पास मिला था, इसके बाद आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने नारायणगढ थाने के सामने सड़क पर जाम लगा दिया था। परिजनों का आरोप था कि रामचन्द्र को एक लडकी के रिश्तेदारों ने मध्यस्त कर अमरपुरा (मल्हारगढ) गांव में बुलाया था। परिजनों व ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रामचन्द्र की अमरपुरा में हत्या के बाद शव यहां पर लाकर फेंका गया था। उसके शरीर पर एसिट डाल रखा था, शरीर पर चोंट के निशान से प्राइवेट पार्ट पर भी चोंट पहुंचा रखी है। टीआई ने उस दिन ग्रामीणों को शीघ्र कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था।

**27 दिनों तक नही हुई कार्रवाई:-** गांव जान्याखेड़ी के परिजनों व समाजजनों बलवंत, कैलाश, मानसिंह, कारुलाल, लवकुश, गोविन्द आदि ने बताया कि घटना दिनांक को भी प्रदर्शन किया गया था, रामचन्द्र की हत्या की गई थी, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नही लिया। नामजद आरोपियों को नही पकड़ा। इसी कारण हमें पुन: थाने पर आकर प्रदर्शन करना पड़ा। लेकिन फिर तीन दिन का आश्वासन दिया है। अगर शीघ्र आरोपियों पर प्रकरण दर्ज नही किया तो उग्र आन्दोलन किया जाएगा।

**1 घंटे तक लगाया जाम:-** आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नही की जाने के विरोध में परिजन व ग्रामीणजन शुक्रवार को प्रात: 11.30 बजे करीब नारायणगढ थाने पहुंचे, पुलिस थाने के सामने मनासा मार्ग पर सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी शुरु कर दी। बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। नारायणगढ पुलिस के अलावा अन्य थाने का बल भी पहुंचा, प्रदर्शन कर रहे लोगों से जाम खोलने की कहा, लेकिन वे तैयार नही थे, उनका कहना था, आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करे, फिर हटेंगे। टीआई अनिल रघुवंशी ने आश्वासन दिया कि तीन दिन में उचित कार्रवाई की जाएगी, इसके बाद जाम खोला गया।

**हत्या के साक्ष्य नही:-** मामले को लेकर टीआई अनिल रघुवंशी का कहना है कि मेडीकल रिपोर्ट में भी हत्या के साक्ष्य नही मिले है। घटना दिनांक को मौके पर मृतक के पास कीटनाशक दवाई की शीशी मिली थी, इस आधार पर शंका लग रही थी कि उसने आत्महत्या की होगी। आरोपियों व परिजनों के बयान के बाद धारा 306 में प्रकरण दर्ज करने के लिए तैयार है, लेकिन परिजनों की मांग है कि धारा 302 में हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। एसी स्थिति में विसरा जांच आने के बाद ही स्थिति स्पष्टहोगी।

चोरी के आरोप में युवक का आधा सिर मुंडवाने का मामला...

## व्यापारी सहित नौ लोगों पर एफआईआर

**मनासा, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी में चोरी के शक में पकड़े गए युवक का आधा संर और आधी मूंछ मुंडने के मामले में 9 लोगों पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में मनासा थाना पुलिस ने गुरुवार देर रात पीड़ित की शिकायत पर मंडी व्यापारी, मुंडन करने वाले नाई, वीडियो बनाने वाले सहित 9 लोगों के खिलाफ भादंसं की धारा 294, 147, 355 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को मंडी में उपज चोरी करने के शक में कुछ लोगों ने एक युवक को पकड़ा और उसके सिर के बाल काट कर, आधी मूंछ मुंडवा दी थीं। साथ ही कुछ लोगों ने इस घटना का वीडियो बनाकर और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया था। वीडियो वायरल होने के बाद मामला पुलिस के संज्ञान में आया। वहीं पीड़ित ने भी देर रात मामले की शिकायत की। एसडीओपी मनासा विमलेश उईके ने बताया कि मामले में संज्ञान लेते हुए इस घटना को अंजाम देने वाले लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है।

## शेयर मार्केट में तेज उछाल

### सेंसेक्स रिकॉर्ड 76,795 पर पहुंचा, लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले के स्तर को पार किया




**मुंबई, 7 जून।** रिजर्व बैंक के जीडीपी अनुमान बढ़ाने के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी, 7 जून को सेंसेक्स 76,795 के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में ये थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 1,618 अंक की बढ़त के साथ 76,693 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी कारोबार केदौरान करीब 500 अंकों की बढ़त देखने को मिली और ये 23,320 के स्तर पर पहुंचा। निफ्टी 468 अंक की बढ़त के साथ 23,290 के स्तर पर बंद हुआ। ये निफ्टी का ऑलटाइम क्लोजिंग हाई है। सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में तेजी रही। एमएंडएम का शेयर सबसे ज्यादा 5।83 प्रतिशत चढ़ा है। वहीं आईटी कंपनी विप्रो और टेक महिंद्रा में करीब 5 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील, इंफोसिस और भारती एयरटेल के शेयर करीब 4 प्रतिशत चढ़े हैं।

**आरबीआई ने जीडीपी अनुमान बढ़ाया, बाजार चढ़ा-** आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7।2 प्रतिशत कर दिया है। वहीं महंगाई अनुमान को 4।5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर ने ये अनुमान जारी किए। वहीं नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) के सभी सदस्यों ने औपचारिक रूप से नरेंद्र मोदी को गठबंधन के नेता के रूप में स्वीकार किया। तीसरे कार्यकाल के लिए देश के प्रधानमंत्री बनने के लिए उनकी उम्मीदवारी का भी समर्थन किया। इसका बाजार पर पॉजिटिव असर दिखा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से पुरानी जल संरचनाओं का होगा जीर्णोद्धार-कलेक्टर

### अभियान के संबंध में जिला अधिकारियों की बैठक संपन्न



**नीमच, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में एक विशेष बैठक जिला अधिकारियों के साथ कलेक्टोरेट में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री जैन ने अभियान के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि यह अभियान 5 जून से 16 जून तक चलेगा। अभियान के माध्यम से जितनी भी पुरानी जल संरचना है। उनका जीर्णोद्धार किया जाए। नदी, तालाब, चेक डैम, नालों की साफ सफाई का कार्य किया जाए। अभियान के साथ सभी जनप्रतिनिधियों के साथ आम जनता को भी शामिल करें। जितने भी शासकीय भवन है उनमें रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम होना चाहिए। रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम से कोई भी भवन वंचित नहीं रहना चाहिए।

कलेक्टर श्री जैन ने निर्देश दिए कि सभी नगरीय निकाय जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जो कार्य किया जाना है, उसके लिए योजना बनाएं तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करें। वृक्षारोपण के लिए भूमि चिन्हित करें तथा वहां पर गड्ढे की खुदाई करें। ताकि वर्षा काल में अच्छे से पेड़ पौधे लगाए जा सके। अभियान में जन अभियान परिषद की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। ऐसे स्थान जहां पर जीर्णोव्दार के दौरान पैसे की आवश्यकता होगी वहां पर सीएसआर फंड के माध्यम से कार्य किया जाएगा। गौशाला में भी वृक्षारोपण हो। नवीन तालाब के आसपास वृक्षारोपण किया जाए। ग्राम पंचायत में स्थानीय समिति को सक्रिय किया जाए तथा तालाबों के गहरीकरण में उस समिति की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रहे। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी स्टाफ डेम के गेट पूरे वर्ष खुले ना रहे इसके लिए विशेष तौर पर ध्यान दिया जाए। जिससे जल संरक्षण का कार्य अच्छे से हो सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ तथा निर्माण विभागों के जिला अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से की मुलाकात, कल होगा शपथ समारोह



**नई दिल्ली, 7 जून।** लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन जीत के बाद सरकार बनाने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। उन्होंने राष्ट्रपति को एनडीए समर्थित सभी सांसदों की लिस्ट दी है।

**पीएम मोदी तीन बार लगातार चुने गए संसदीय दल के नेता-** संसद के सेंट्रल हॉल में सभी एनडीए के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से संसदीय दल का नेता चुना गया। पीएम मोदी को 2014, 2019 और अब 2024 में तीसरी बार लगातार संसदीय दल का नेता चुना गया है।

## मप्र में 5 वर्ष में तीसरी बार तय समय से पहले आने को बेसब्र मानसून

**भोपाल, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** गर्मी का सामना कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। केरल में नियत समय से दो दिन पहले पहुंचा दक्षिण-पश्चिम मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है। अभी तक मानसून केरल, कर्नाटक के अलावा आंध्र प्रदेश के अधिकांश हिस्से में और तेलंगाना, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में पहुंच चुका है।

वर्तमान में उसकी उत्तरी सीमा रत्नागिरी, सोलापुर, मेडक, भद्राचलम, विजय नगर और इस्लामपुर से होकर गुजर रही है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस बार बंगाल की खाड़ी से अधिक सक्रियता अरब सागर में दिखाई दे रही है। मानसून के रविवार-सोमवार तक मुंबई पहुंचने की संभावना है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस बार मानसून 12 जून तक मध्य प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। प्रदेश में मानसून आने की संभावित तारीख 16 जून है। पिछले पांच वर्ष में तीसरी बार मानसून के तय तारीख से पहले आने के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि केरल पहुंचने के बाद मानसून की गतिविधियां बंगाल की खाड़ी में तो थमी हुई हैं, लेकिन अरब सागर की तरफ से काफी अच्छी प्रगति जारी है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए दो-तीन दिन के भीतर मानसून मुंबई के साथ ही दक्षिणी छत्तीसगढ़ में भी प्रवेश कर सकता है। इस वजह से मानसून के मध्य प्रदेश में 12 जून तक पहुंचने की पूरी संभावना दिख रही है। बता दें कि पहले मध्य प्रदेश में मानसून आने की संभावित तिथि 13 जून थी, लेकिन वर्ष 2019 में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने उसे बढ़ाकर 16 जून तय कर दिया।



## जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु विशेष अभियान चलाया

**नारायणगढ़, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. शासन से प्राप्त निर्देशानुसार नगर परिषद नारायणगढ द्वारा निकाय में जल स्त्रोतों तथा नदी तालाब, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु 16 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर परिषद द्वारा शंकर कुई की सफाई करवाई गयी। जिसमें कुई में से मिट्टी, गाद, कचरा, आदि निकाल कर साफ सफाई करवायी गई। इस दौरान नगर परिषद अध्येक्ष श्रीमती ममता कुँवर चौहान, उपाध्यिक्ष श्री वीरेंद्र रूपरा, जनप्रतिनिध सीएमओं श्री प्रमोद जैन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया आचार्य श्री अभयदेवसूरिजी का अमृत महोत्सव

### देश के कई बड़ी हस्तियां, उद्योगपति, मंत्री, विधायक गुरुदेव का आशीर्वाद लेने बही पहुंचे





**मंदसौर, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** मालवा के प्रख्यात तीर्थो में शामिल बही पारसनाथ में अभय अमृत उत्सव समारोह का आयोजन हुआ। यह समारोह तपागच्छ कार्यवाहक, गच्छाधिपति जैनाचार्य श्री अभयदेवसूरिश्वरजी म.सा. के जीवन के 75 वर्ष पूर्णता के निमित्त था। इस अवसर पर आधिव्याधि को दूर करने वाली महामंगलकारी महामांगलिक का आचार्य श्री ने देशभर से आये भक्तों को श्रवण करवाया। आज इस कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए देशभर से जैन समाज की कई बड़ी हस्तियां और देश के प्रमुख उद्योगपति, महाराष्ट्र के काबिना मंत्री, विधायक सहित समाजजन ग्राम बही पहुंचे।

आज सुबह बही में श्री अभिनव सम्मेदशिखर तीर्थ पर होने वाले निर्माण कार्यो का भूमि पूजन प्रसिद्ध उद्योगपति माणिकचंद ग्रुप के मालिक प्रकाशचंद्र रसीकलाल धारीवाल (आरएमडी) ने सकल श्रीसंघ की उपस्थिति में किया। आज गुरुदेव के अमृत महोत्सव में महाराष्ट्र के केबिनेट मंत्री अतुल शाह, मंदसौर विधायक विपिन जैन, जीतो के अध्यक्ष कांतिभाई जीरावल, शंखेश्वर तीर्थ पेढ़ी के अध्यक्ष श्रेयकभाई, समस्त महाजन के मैनेजिग ट्रस्टी गिरीश शाह, पावापुरी तीर्थ के संस्थापक केपी संघवी, जिरावला तीर्थ के सचिव प्रकाशचन्द्र सिरोड़ी, जैन समाज के कोहिनुर रत्न बसंत भाई पंडित, नागेश्वर तीर्थ के सचिव धर्मचन्द्र जैन, विश्व हिन्दू परिषद के गुजरात प्रांत के अध्यक्ष केतन शाह, भिलडिया तीर्थ के चन्द्रकांत संघवी सहित देश के कई हस्तियां इस कार्यक्रम मे आई थी। इस कार्यक्रम में देशभर के बड़े श्रीसंघ जिसमे मंदसौर के श्री संघ, अहमदाबाद, हिम्मत नगर, ओरंगाबाद, डूगरपुर, चिताखेड़ा, देगाव, मंडार, पूना, शंखेश्वर, कुवाला, धनेरा, उदयपुर, निम्बाहेडा, नीमच, नयागांव, सीतामऊ, बूढ़ा, आलोट, बड़ोद, मानपुरा, सतना, बांसवाड़ा, प्रतापगढ, सुवासरा, आगर के प्रतिनिधिगण और ट्रस्टीगण गुरु देव का आशीर्वाद लेने बही पहुंचे थे। आचार्य श्रीमद् विजय मोक्षरत्नसूरीश्वरजी म. आदि, ठाणा ने गुरुदेव के संयम जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री विमल सुदर्शन चंद्र परमार्थिक जैन ट्रस्ट-उदयपुर-वही एवं श्री अभय अमृतवर्ष महोत्सव समिति द्वारा पधारे हुए अतिथियों का बहुमान किया गया। कार्यक्रम में भक्ति का आनंद देने के लिये अहमदाबाद के प्रसिद्ध संगीतकार त्रिलोक मोदी और अंकुशभाई शाह की टीम ने अमृत महोत्सव का माहौल ही गुरु भक्तिमय कर दिया। बही पारसनाथ में सम्मेदशिखर तीर्थ में गिरनार तीर्थ की परिकल्पना की भी घोषणा की गई। दोपहर 12.30 बजे से सकल जैन समाज की नोकारसी श्री संघ स्वामीवात्सल्य तथा पूरे ग्राम का भोजन भी हुआ। मालवा सहित मंदसौर से सकल जैन समाज के सारे सदस्यगण भी इस कार्यक्रम में पहुंचे थे। आभार ट्रस्ट सचिव दिलीप राका ने माना।

## 46 ट्रकों में 590 गौवंश भरकर ले जाने वाले 81 आरोपियों को मिल जमानत, ट्रक सुपुर्दगी में दिए

**पिपलियामंडी, 07 जून गुरु एक्सप्रेस।** गौवंश भरकर ले जा रहे सभी 46 ट्रक ड्राइवरों को जिला न्यायालय से जमानत मिल गई। जानकारी के अनुसार 28 अप्रेल को हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं ने बही टोल पर 46 ट्रकों में भरकर ले जाए जा रहे 590 गौवंश बरामद किए थे। वहीं 81 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। ट्रक ड्राइवरों ने जमानत के लिए नारायणगढ कोर्ट व हाईकोर्ट इंदौर में अपील लगाई थी, जो खारिज हो गई थी। इसके बाद अपील मंदसौर न्यायालय में की थी। गुरुवार को ट्रक ड्राइवरों को जमानत मिल गई, जिन्हें ट्रक सुपुर्दगी में दिए। टीआई नीरज सारवान ने बताया न्यायालय से जमानत के बाद ट्रक सुपुर्दगी में दे दिए है।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक EWS.B-201 श्रीमती सुनीता सोनी पति स्व.श्री सुभाष कुमार सोनी को आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 20.05.2024 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था।

श्रीमती सुनीता सोनी पति स्व.श्री सुभाष कुमार सोनी द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी पिता श्री सूरजमल सोलंकी उक्त विक्रय पत्र दिनांक 22.05.2014 को उप-पंजीयक कार्यालय में निष्पादित करवाया गया था। श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी पिता श्री सूरजमल सोलंकी द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री दिलीप शर्मा पिता श्री भेरुलाल शर्मा को कर विक्रय पत्र दिनांक 26.04.2024 को उप-पंजीयक कार्यालय में निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री दिलीप शर्मा पिता श्री भेरुलाल शर्मा अपने नाम से करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक EWS.B-201 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण श्री दिलीप शर्मा पिता श्री भेरुलाल शर्मा के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक EWS.A-193 जो श्री दुर्गेश आसेरी पिता श्री अमृतलाल आसेरी को मण्डल आदेश क्रमांक. 222 दिनांक 14.02.2017 द्वारा नामांतरित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 13.06.2017 को उप-पंजीयक कार्यालय में निष्पादित करवाया गया था। श्री दुर्गेश आसेरी पिता श्री अमृतलाल आसेरी द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री ताराचंद खीची पिता श्री चांदमल खीची को विक्रय कर विक्रय पत्र दिनांक 15.02.2024 को उप-पंजीयक कार्यालय में निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री ताराचंद खीची पिता श्री चांदमल खीची अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक EWS.A-193 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण श्री ताराचंद खीची पिता श्री चांदमल खीची के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक LIG.A.01 श्री निर्मल कुमार भटनागर पिता श्री शंकरलाल भटनागर को वर्ष 1983 में आवंटित किया था। भवन का विक्रय- विलेख दिनांक 24.12.1996 को निष्पादित करवाया गया था।

श्री निर्मल कुमार भटनागर पिता श्री शंकरलाल भटनागर का स्वर्गवास दिनांक 22.01.2013 को हो जाने से इनके दो पुत्र श्री आशीष भटनागर पिता स्व. श्री निर्मल कुमार भटनागर एवं श्री आलोक भटनागर पिता स्व. श्री निर्मल कुमार भटनागर अपनी माता श्रीमती दुर्गेशलता भटनागर पति स्व.श्री निर्मल कुमार भटनागर एवं दोनों बहनों श्रीमती सीमा भटनागर पति श्री विवेक भटनागर एवं श्रीमती अर्चना कानूनगो पति श्री अजय कानूनगो अपने परिवार की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर श्री आशीष भटनागर पिता स्व.श्री निर्मल कुमार भटनागर एवं श्री आलोक भटनागर पिता स्व. श्री निर्मल कुमार भटनागर उक्त भवन का नामांतरण संयुक्त रूप से अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक LIG.A.01 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण श्री आशीष भटनागर पिता स्व.श्री निर्मल कुमार भटनागर एवं श्री आलोक भटनागर पिता स्व. श्री निर्मल कुमार भटनागर के नाम संयुक्त रूप से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



**प्रफुल्ल यजुर्वेदी, एडवोकेट**
म.प्र. हाई कोर्ट (रजि.नं.-903/1987)
ऑफिस-गांधी चौराहा मंदसौर, मो-9425105577
Email-adprafullayajurvedi@gmail.com
दिनांक-07.06.2024

**✻✻ जाहिर सूचना ✻✻**

**संबंधित कृषि भूमि ग्राम रिछालालमुंहा, तहसील दलौदा**

सर्वसाधारण व हर आम व खास को सूचित किया जाता है. कि, मेरे पक्षकार द्वारा सुरेशचंद्र पिता चम्पालाल जी कुल्मी, जाति पाटीदार, निवासी-ग्राम रिछालालमुहां, तहसील दलौदा, जिला मंदसौर, म.प्र. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर- 177 रकबा 0.7000 हेक्टर, सर्वे नंबर 829/3 रकबा 0.670 हेक्टर, सर्वे नंबर 831/2 रकबा 0.0310 हेक्टर, सर्वे नंबर 833 रकबा 0.2090 हेक्टर, सर्वे नंबर 834/2 रकबा 0.3600 हेक्टर, सर्वे नंबर 835/2 रकबा 0.1550 हेक्टर, सर्वे नंबर 1566 पे रकबा 0.209 हेक्टर, सर्वे नंबर 1566 रकबा 0.209 हेक्टर, सर्वे नंबर 1574 रकबा 0.229 हेक्टर, सर्वे नंबर 1580 रकबा 0.125 हेक्टर, सर्वे नंबर 15881 रकबा 0.334 हेक्टर कुल सर्वे नंबर 11 कुल रकबा 5.231 हेक्टर स्थित ग्राम रिछालालमुंहा, तहसील दलौदा, तहसील व जिला मंदसौर को विक्रय करने का अनुबंध कर. अग्रिम बयाना राशि अदा कर दी हैं तथा शीघ्र ही विक्रयपत्र का निष्पादन किया जाने वाला है इस विक्रयपत्र के निष्पादन में किसी भी संस्था व्यक्ति, निगम को कोई आपत्ति हो तो मय आपत्ति दस्तावेज मेरे कार्यालयीन समय में आगमी 07 दिन में आकर प्रकट करें, अन्यथा बाद मियाद विक्रयपत्र का संपादन करवा लिया जावेगा। सो सूचित हो।

भवदीय
प्रफुल्ल यजुर्वेदी, एडवोकेट



**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**
कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com
क्रमांक 42/2024 दिनांक 06.06.2024

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा गोपाल पिता मांगीलाल जी बोराना, जाति-बलाई, निवासी-ग्राम-बेलारा, तहसील-सीतामऊ, जिला-मन्दसौर से आवासीय मकान ग्राम-बेलारा, पटवारी हल्का नं. 00126, तहसील-सीतामऊ, जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्य: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी249412024ए1645996, दिनांक 27/05/2024 से मेरे पक्षकार सुनीता बोराना पति गोपाल जी बोराना, जाति-बलाई, निवासी-ग्राम-बेलारा, तहसील-सीतामऊ, जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है:-

पूर्व में-सीसी रोड, पश्चिम में-सीसी रोड, उत्तर में-रावराम जी नायक का मकान, दक्षिण में-कारूलाल जी मालवीय का मकान, पैमाईश रकबा 1200 वर्ग फीट या 111.52 वर्ग मीटर,

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोज आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in